तापमान

अधिकतम 22 डिग्री

न्यूनतम 8 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 21 दिसंबर 2023

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 पंजीयन रजिस्टर देख ऑपरेटर से किया सीधा सवाल




## खबर संक्षेप



### विभिन्न मुद्दों को लेकर पालकों की बैठक

**खड़गवां।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला लकरापारा खड़गवां में बुधवार को छात्र उपस्थिति के संबंध में छमाही परीक्षा परिणाम विकसित भारत संकल्प यात्रा, स्वक्षता व गुणवक्ता पूर्ण मध्यान्ह भोजन, आगामी 26 जनवरी 2024 की तैयारी के लिए 20 दिसंबर को शाला प्रबंधन समिति व पालकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें 121 पालक उपस्थित हुए। इसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती रनिया कुसरो, श्रीमान सिंह प्रधान पाठक, सुजीत कुमार प्रधान पाठक, विजय सिंह नेताम, विजय कुमार सिंह,श्रीमती मंजू लता बरवा, दिनेश ठाकुर, श्रीमती अनिता तिवारी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### लिंग आधारित हिंसा से निपटने जागरूकता कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत छिंदिया में नई चेतना जेंडर 2.0 अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा से निपटने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, वार्ड पंच एवं ग्राम पंचायत की महिलाएं, किशोरी बालिका तथा मिडिल स्कूल के छात्राओं को गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाईन 181, चाईल्ड लाईन 1098, शक्ति सदन, पाक्सो यौन अपराध, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संबंध में जानकारी दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संरक्षण अधिकारी वित्तबाला श्रीवास्तव, सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री विमला भगत, परामर्शदाता निर्मला पाण्डेय, सखी सेंटर श्रीमती नीता पाण्डेय एवं शक्ति सदन श्रीमती कल्पना शर्मा के द्वारा उक्त विषय पर प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी गई।

### 25 को पंचायतों में मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**एमसीबी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को प्रत्येक वर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 25 दिसंबर 2023 के पूर्व, ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई, आवश्यक मरम्मत, आदि कराया करा लिया जाए। इसी क्रम में ग्राम एवं पंचायतों में स्वच्छता अभियान 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर आगामी एक सप्ताह नियमित संचालित किया जाना है। 25 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में प्रातः 10 बजे अटल चौक में प्रारंभ किया जाना है।

### पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनेगा

**बैकुण्ठपुर।** 25 दिसंबर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है। इस दिन पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसी कड़ी में कोरिया जिले व ग्राम पंचायतों में भी सुशासन दिवस मनाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर के पूर्व ग्राम पंचायतों में पहले से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई आवश्यक मरम्मत आदि कराने के निर्देश दिए गए हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि और आम नागरिक ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे। इसी क्रम में ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से आगामी एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा।

### मामले में मंडल संयोजक ने जांच कर प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा

# छात्रावास में विद्यार्थी की पिटाई, प्यून सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना तहसील अंतर्गत ग्राम पसला के प्री-मैट्रिक आदिवासी छात्रावास में छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। यहां पदस्थ कर्मचारी पर छात्र की बुरी तरह पिटाई करने के आरोप लगे हैं। छात्र की बुरी तरह पिटाई करने के बाद आरोपी कर्मचारी की शिकायत पटना थाने में की गई है।

जानकारी के अनुसार घटना पटना तहसील के ग्राम पसला में संचालित प्री-मैट्रिक आदिवासी छात्रावास की है। यहां सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र की छात्रावास के कर्मचारियों ने बेरहमी से पिटाई कर दी है। दरअसल पदस्थ छात्रावास के कर्मचारी संजय तिवारी द्वारा छात्रावास में रह रहे बालक से कुछ जानकारी पूछी गई। छात्र द्वारा जवाब नहीं दे पानी के बाद कर्मचारी ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी गई। छात्र की पिटाई की बात जब गांव में फैली तो गांव के सरपंच पितांबर सिंह ठाकुर उसी रात मामले में जायजा लेने छात्रावास पहुंचे। छात्र की बुरी हालत देखकर सरपंच ने तत्काल मामले की शिकायत पटना थाने में की, इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना में छात्र का एमएलसी कराया गया। बताया जा रहा है कि कर्मचारी द्वारा छात्र को इतनी बुरी तरह पीटा गया



पिटाई की वजह से शरीर पर बने निशान

कि छात्रा के बाएं हाथ में सूजन और पीठ के बाएं तरफ डंडे के निशान उभर आए हैं। ग्राम पंचायत शिवपुरी के सरपंच और अन्य ग्राम वासियों ने मामले में छात्र से बातचीत की है। मामले के प्रकाश में आने के बाद आदिवासी विकास विभाग के मंडल संयोजक सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। छात्रा से बयान लेने और उपस्थित लोगों के सामने पंचनामा बनाकर शिकायत कलेक्टर को प्रेषित की गई है। इस संबंध में आदिवासी विकास विभाग के मंडल संयोजक सिद्धार्थ खैरवार ने बताया कि 20 दिसंबर के दिन ग्राम तसला में संचालित प्री-मैट्रिक छात्रावास में पहुंचे। यहां जांच के समय आरोपी कर्मचारी भी अनुपस्थित रहा।

वहीं साथ पहुंचे ग्राम सरपंच, ग्राम सचिव और पटवारी वीरेन्द्र गौतम के सामने छात्र से जानकारी लेकर ग्रामीण के सामने पंचनामा बनाया गया, वहीं शिकायत की फाइल कलेक्टर को प्रेषित की गई है। साथ ही मामले में कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं जांच के उपरांत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि ग्राम तसला के प्राथमिक शाला भवन की एक ही कमरे में छात्रावास संचालित किया जा रहा है। भवन नहीं होने के कारण इस 50 सीटर छात्रावास में केवल 12 बच्चे ही रहते हैं।

#### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के भरोसे छात्रावास

जानकारी के अनुसार जिस रात बालक की पिटाई की घटना घटित हुई है, उस रात छात्रावास अधीक्षक ही छात्रावास में उपस्थित नहीं थे। छात्रावास अधीक्षक के द्वारा जानबूझकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के भरोसे छात्रावास को छोड़कर निकल जाने के आरोप लगे हैं। वहीं मामले में कार्रवाई की गाज केवल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर ही गिरी है।

#### दिन में जले अलाव, लोगों ने बदली दिनचर्या

## पारा 5 डिग्री पर कंपकंपा रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में ठंड का असर तेज हो गया है। न्यूनतम तापमान के गिरावट हो रही है, इसके चलते दिन में भी लोगों को ठंड का असर का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों उतरी क्षेत्र से ठंडी एवं शुष्क हवाओं के चलने के कारण तापमान में गिरावट हो रही है, जिसके असर के कारण ठंड का प्रभाव बढ़ा है।

बर्फिली ठंडी हवाओं के चलने के कारण ही दिन में भी ठंड का असर हो रहा है। लोग दिन होने के साथ ही जहां सूर्योदय के समय धूप तापते नजर आते हैं, वहीं दिनभर धूप सुहानी लग रही है। मौसम विभाग के अनुसार 20 दिसंबर को जिले में अधिकतम तापमान 23 डिग्री रहा ,लेकिन शाम ढलने के बाद रात्रि में तापमान 5 डिग्री तक लुढ़क गया था। यही कारण है कि लोग दिन में भी पूरे दिन धूप में रहते हैं और शाम ढलने के बाद तापमान में लगातार गिरावट होने लगती है, जिसके कारण रात्रि के समय सबसे अधिक ठंड का असर हो रहा है। ठंड के कारण सुबह के समय लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। जिले के मैदानी क्षेत्रों में जहां जमकर ठंड पड़ रही है। आने वाले समय में और भी ज्यादा ठंड पड़ने की संभावना है। जानकारी के अनुसार जिले के वनांचल क्षेत्रों व पठारी क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आने वाले दिनों में और भी अधिक ठंड का असर होने की संभावना बताई जा रही है, ऐसे में तापमान में अधिक कमी हो जाने के कारण जिले के पठानी क्षेत्रों में पैरावट, घास मैदान में पाला भी पड़ना शुरू हो जाता है।



#### कल ठंड से मिलेगी थोड़ी राहत

कोरिया जिले में दिसंबर माह में जमकर ठंड पड़ रही है। चालू माह के दूसरे पखवाड़े में भी लगातार न्यूनतम तापमान में कमी आ रही है, इसके कारण दिन के साथ रात्रि के समय सबसे ज्यादा ठंड का असर हो रहा है। लोगों को सुबह -शाम अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं ठंड से बचने के लिए दिनभर शरीर में गर्म कपड़ों को पहने ही रहना पड़ रहा है। इसी बीच 22 दिसंबर से पक्षिमी विक्षोभ के असर के कारण अधिकतम व न्यूनतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी होगा और आने वाले कुछ दिन तक पक्षिमी विक्षोभ का असर बने रहने की संभावना है, इसके कारण ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार 22 दिसंबर को अधिकतम तापमान 24 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री होगी, इसके बाद अगले कुछ दिन तक न्यूनतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी बनी रहेगी।

#### दिनभर धूप लग रही सुहानी

इन दिनों सर्दी का सितम लोगों को प्रभावित कर रहा है। ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों तथा अलाव का सहारा लिया जा रहा है। वहीं सुबह होने के साथ ही खिली धूप भी ले रहे हैं। दिन के समय में भी ठंड का असर बने रहने के कारण दिन में भी कई लोग धूप सेंकते नजर आते हैं। इस समय धूप लोगों को सुहानी लग रही है। यही वह मौसम है जब लोग सुबह से लेकर दोपहर तक धूप का आनंद लेते दिखाई देंगे। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सुबह होने के साथ ही घर के बाहर सुहानी धूप का आनंद लेते दिखाई देते हैं।

## बहरासी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कोचियों पर कड़ी कार्रवाई करें: दुग्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

बुधवार को एमसीबी कलेक्टर नरेन्द्र दुग्गा दूरस्थ विकासखंड भरतपुर क्षेत्र का भ्रमण किए। इस दौरान उन्होंने ग्राम बहरासी स्थित धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण कर धान की गुणवत्ता एवं केन्द्र में किसानों के मूलभूत आवश्यकताओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री दुग्गा ने समिति प्रबंधक को एफए फनंजपसजल के उत्तम धान खरीदी के साथ ही सही तरीके से धान की बोरियों को स्टेकिंग करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद तहसीलदार भरतपुर व तहसीलदार कोटाडोल को निर्देशित करते हुए कहे कि कोचियों पर कड़ी कार्रवाई करें तथा मध्यप्रदेश से धान का अवैध परिवहन करने वालों को पकड़कर एफआईआर दर्ज कराने के कार्रवाई करें, इसके उपरांत कलेक्टर श्री दुग्गा ग्राम जुइली और रांपा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाए गए शिविर में पहुंचकर लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किए एवं उपस्थित



ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार अपडेट, उज्जवला सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने की विस्तृत जानकारी दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री दुग्गा के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर, तहसीलदार भरतपुर एवं कोटाडोल, सीईओ जनपद पंचायत भरतपुर सहित समस्त विभागों के विकासखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर सख्त : अधिकारी समस्या का तत्काल करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला जल स्वच्छता मिशन कोरिया द्वारा आहूत जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में ठेकेदारों को बुलाया गया। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाया जाना है। इसमें किसी भी तरह को कोताही नहीं बरती जाए।



- ठेकेदारों को दो टूक कहा किसी भी हालत जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचे

कलेक्टर श्री लंगेह ने जल जीवन मिशन कार्य को लेकर ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर हर घर जल पहुंचे, इस पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मिशन के तहत पाइप लाईन विस्तार, चबूतरा निर्माण, पानी टंकी, विद्युत कनेक्शन, सोलर कनेक्शन, जल आपूर्ति के लिए रोड किनारे खूदे गए गड्ढो का समतलीकरण की पंचायतवार समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को निर्माण कार्य एवं अधूरे कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यो का शतत निरीक्षण करने के सख्त निर्देश दिए। गौरतलब है कि बैकुंठपुर विकासखंड़ व सोनहत विकासखंड़ के अंतर्गत अप्रैल 2023 तक 51 हजार 836 ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन के लिए पंजीयन किया गया था ,इसमें से 34 हजार 777 घरों में नल कनेक्शन दिया गया है। इस तरह बैकुंठपुर विकासखंड़ में 63.09 प्रतिशत व सोनहत विकासखंड़ 79.66 प्रतिशत नल कनेक्शन दिया गया है। इस दौरान बैठक में उपस्थित ठेकेदारों ने कलेक्टर को फील्ड में होने वाले समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

## हितग्राहियों तक पहुंच रही सरकार की योजनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाने के लिए 19 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जिले तीन जनपदों के 6 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

जिले के तीन जनपद पंचायत जिसमें मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत बरबसपुर प्रथम पाली में तथा द्वितीय पाली में उजियारपुर, जनपद पंचायत खड़गवां ग्राम पंचायत पोड़ीडीह में प्रथम पाली में तथा द्वितीय पाली में ग्राम पंचायत कोड़ागी में इसी प्रकार जनपद पंचायत जनकपुर के ग्राम पंचायत मैनपुर प्रथम पाली में तथा द्वितीय पाली में बेनीपुरा में कार्यक्रय का आयोजन किया गया। इसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप कार्यक्रम में बड़े स्तर पर भीड़ जमा हो रही है। इसके अंतर्गत जिले में चिन्हित किए गए स्थानों में प्रशासनिक अमला शिविर स्थल में आए आमजन को शासन की अनेक योजनाओं से जोड़ने तथा उससे उनको लाभ दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में सम्मिलित योजनाएं आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना,पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण स्वामित्व, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाईजर इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, स्कॉलरशीप योजना, वन अधिकार पट्टा-व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन विकास केन्द्र शामिल हैं।

### विधायक पद की रेणुका सिंह ने ली शपथ

**मनेन्द्रगढ़।** प्रदेश की पहली विधानसभा भरतपुर-सोनहत से नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती रेणुका सिंह राजधानी रायपुर स्थित विधानसभा भवन में विधानसभा सदस्य के तौर पर शपथ ली। विधायक श्रीमती सिंह ने मातृभाषा हिंदी में शपथ ली। विधायक को प्रोटेम स्पीकर रामविचार ने शपथ दिलाई। रेणुका सिंह भरतपुर-सोनहत विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी गुलाब कमरो को 4919 मतों से हराकर विधायक बनी है। विधायक पद की शपथ लेने के बाद रेणुका सिंह ने भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र वासियों के प्रति आभार जताते हुए सोशल मीडिया में पोस्ट करते हुए यह लिखा कि, भरतपुर-सोनहत के परिवारजन एवं देवतुल्य मतदाताओं के आशीर्वाद से आज छग विधानसभा के षष्ठम विधानसभा में सदस्य निर्वाचित होकर सदन में शपथ ग्रहण की। विधानसभा के समस्त देवतुल्य जनता के समर्थन और आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार। मैं अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वहन करूंगी।

## हितग्राहियों को जल्द मिले मुआवजा और रेल लाइन का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने विधानसभा सत्र के दौरान चिरमिरी नागपुर हाल्ट रेलवे लाइन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण एवं राज्यांश की राशि 120 करोड़ 50 लाख रुपए जारी करने पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री ने परियोजना को बारीकी से समझा,जल्द प्रारंभ हो सकता है भूमि अधिग्रहण और आगामी बजट में जारी हो सक्ति है राज्यांश की राशि। विधायक श्री जायसवाल ने 3 दिवसीय विधानसभा सत्र में प्रथम दिवस शपथ के उपरांत दूसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चिरमिरी मनेन्द्रगढ़ सहित ग्रामीण क्षेत्र खड़गवां के लाखों लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग चिरमिरी-नागपुर हाल्ट रेल लाइन निर्माण को लेकर मांग पत्र सौंपा। ज्ञात हो कि 2018 में रेलवे बोर्ड एवं तत्कालीन भाजपा सरकार के बीच 50-50 प्रतिशत व्यय राशि से 241 करोड़ की लागत से एमओयू के तहत स्वीकृत चिरमिरी नागपुर हाल्ट रेल लाईन निर्माण में आ रही दिक्कतों की संपूर्ण जानकारी मुख्यमंत्री श्री साय को प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस स्वीकृत रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा आज तक नहीं हुआ है साथ ही राज्यांश की राशि 120 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट भी प्रदान नहीं होने से इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूर्ण होने में काफी विलंब हो चुका है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि



भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करवाए और आगामी बजट में राज्यांश की राशि जारी करने का आग्रह किया है। श्री जायसवाल ने उन्हें बताया कि चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़-खड़गवां के लाखो लोगों को इस परियोजना के पूर्ण होने से अंबिकापुर से चलने वाली सभी पैसेंजर एक्सप्रेस गाड़ियों का लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही नागपुर पैसेंजर हाल्ट स्टेशन को भी पूर्ण स्टेशन का दर्जा भी प्राप्त हो जाएगा और वहां यात्री सुविधाओं में विस्तार हो सकेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने ओएसडी पी दयानंद को बोलकर इस महत्वपूर्ण रेल लाइन में अभी तक के प्रोग्रेस रिपोर्ट की सारी जानकारी मांगी है। विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि चुनाव में मैंने अपने घोषणा पत्र में प्रमुखता के साथ कहा था कि रेल लाइन का भूमिपूजन हमने किया था और उसका निर्माण भी हम ही पूरा कराएंगे।

### पर्व का संकेत देने मसीही सेवा समिति ने निकाली विशाल क्रिसमस शोभायात्रा

# क्रिसमस को लेकर सजे गिरजाघर, तैयारियों में जुटा मसीही समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

क्रिसमस का पर्व आगामी 25 दिसंबर को पूरे जिले में उमंग उल्लास के साथ मनाया जाएगा, इसके लिए अब चंद दिन ही बचे हुए है।

गिरजाघरों में क्रिसमस की तैयारियां जोरों से चल रही है, वहीं मसीही समाज के लोग भी अपने घरों में क्रिसमस की तैयारी की जा रही है, इसके लिए मसीहीजन एक माह पूर्व से ही जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के रामपुर स्थित कैथोलिक चर्च, ईएलसी मिशन कॉलोनी स्थित चर्च, ओड़गी स्थित चर्च के साथ जिलेभर में स्थित गिरजाघरों में क्रिसमस पर्व की तैयारियां एक माह पूर्व से शुरू हो गई है, गिरजाघरों का रंग-रोगन का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है और



आगामी 25 दिसंबर क्रिसमस के लिए गिरजाघरों को आकर्षक तरीके से सजाया संवारा जा रहा है। गिरजाघरों में आकर्षक लाईटिंग की जा रही है और गिरजाघरों में स्टार लाइट लगाकर सजाया जा रहा है। जहां आगामी 24 दिसंबर की रात्रि में सभी गिरजाघरों में मसीहीजन काफी संख्या में जुटते हैं और मध्य रात्रि में जब प्रभु यीशु के जन्म की घड़ी पहुंचती है, वैसे ही गिरजाघरों का घंटा गुंज उठता है और कैंडल के रोशनी बिखर जाती है। प्रभु यीशु की जन्म की खुशियों से समाज के लोग भर जाते हैं और रात्रि में गिरजाघरों में प्रार्थना शुरू हो जाती है और फिर लोग प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां बनाना शुरू कर देते हैं, इसके दूसरे दिन भी सुबह गिरजाघरों में विशेष आराधना सभा आयोजित किया जाता है और समाज के लोग खुशियां मनाते हैं। इस तरह मसीही समाज का बड़ा पर्व क्रिसमस की खुशियां चंद दिनों दूर है ,इसके बाद आगामी 25 दिसंबर को जिलेभर में उमंग उल्लास के साथ क्रिसमय का पर्व मनाया जा रहा है, इसके लिए समाज के लोग कई दिनों पूर्व से उत्साहित रहते हैं। विदित हो कि बीते 15 दिसंबर को शहर में छग संयुक्त मसीही सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल क्रिसमस शोभयात्रा निकाली गई थी जो क्रिसमस पर्व के आने का संकेत देने के लिए निकाली गई।

#### गडेरिया दल पहुंच रहे घर-घर

क्रिसमस का पर्व आने के कई दिनों पूर्व से ही मसीही समाज के लोगों के घरों में क्रिसमय की खुशियां बिखरने लगती है। क्रिसमस का संदेश समाज के लोगों के घर-घर देने के लिए कई दिनों पूर्व से गड़ेरिया दल शाम ढलने के साथ ही समाज के लोगों के घर-घर दस्तक देना शुरू कर देते हैं, यह सिलसिला क्रिसमस आने के एक दिन पूर्व तक चलता है। गड़ेरिया दल कैरोल सिंगिंग करते हुए समाज के लोगों के घर पहुंचते हैं जो क्रिसमस पर्व आने का संदेश घर-घर पहुंच कर दे रहे हैं।

#### बाजार में बढ़ी चहल पहल

क्रिसमस पर्व को देखते हुए बाजार भी गुलजार हो गया है और पर्व के चलते बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। बाजार में क्रिसमस से जुडे कई सामग्री बिक रहे हैं, इसमें से कई सजावटी सामान भी शामिल है, इसके अलावा विशेष रूप से बाजार में क्रिसमस ट्री, स्टार,चरनी, सांताक्लाज के ड्रेस आदि सामग्री बाजार के बिक रहे हैं। क्रिसमस पर्व के अवसर पर क्रिसमस ट्री, चरनी तथा स्टार की मांग सबसे अधिक रहती है, इसके अलावा क्रिसमस पर्व को देखते हुए कई तरह के गिफ्ट आईटम भी भरपूर रखे गए हैं और कपड़ों की दुकानों में भी खरीदी के लिए लोग जुट रहे हैं।

### 115 बोरी अवैध धान लोड दो पिकअप जब्त

**रामचंद्रपुर।** तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व अमले ने दो पिकअप से 115 बोरी अवैध धान जब्त किया है। आरोपी समितियों में खपाने के लिए पड़ोसी राज्य झारखण्ड के ग्राम खुरी से अवैध धान परिवहन कर रहे हैं। प्रशासन की सख्ती के बावजूद कोचिए लगातार समितियों में पडोसी राज्य झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों का धान खपा रहे हैं। सख्ती के बावजूद समिति प्रबंधकों एवं क्षेत्र के किसानों की मिली भगत से चल रहे कोचियों के इस खेल पर रोक नहीं लग पा रही है। कोचियों द्वारा जंगल के रास्ते झारखण्ड का धान खपाने की सूचना पर तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मंगलवार को सीमावर्ती ग्राम अनिरूद्धपुर पहुंची थी। सुबह 11 बजे सीमावर्ती क्षेत्र से एक बिना नंबर का पिकअप आते देख राजस्व कर्मियों ने वाहन रोक कर जांच की तो उसमें 55 बोरी धान मिला।

